आईबी कालेज ने की क्विज प्रतियोगिता आयोजित

पानीपत/कौशिक : आई.बी. महाविद्यालय की लाइब्रेरी द्वारा एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि इस क्विज में देश से विभिन्न राज्यों के लगभग 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व राजस्थान शामिल थे। इनमें से 370 प्रतिभागियों ने 80 प्रतिशत तथा इससे ज्यादा अंक प्राप्त किये।

आईबी कालेज ने की क्विज प्रतियोगिता आयोजित

पानीपत (मोहन लाल) : आई.बी. महाविद्यलय की लाइब्रेरी द्वारा एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि इस क्विज में देश से विभिन्न राज्यों के लगभग 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व राजस्थान शामिल थे। इनमें से 370 प्रतिभागियों ने 80% तथा इससे ज्यादा अंक प्राप्त किये। प्राचार्य ने ऑनलाइन क्विज के सफलता पूर्वक संचालन का श्रेय कॉलेज के लाइब्रेरियन डा. प्रवीण कुमार को दिया। इस महामारी से बचने के लिए हमें सरकार द्वारा निर्धारित लाकड़ाउन के दौरान घर पर रहे, सुरक्षित रहे का पालन करें।

दैनिक सवेरा
Wed, 13 May 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/51845

पोस्टर मेकिंग में आसिमा प्रथम

आइबी कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में 176 प्रविष्टियां मिलीं

जागरण संवाददाता, पानीपत : आइबी महाविद्यालय में पर्यावरण विभाग की तरफ से राष्ट्रीय ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में 60 कॉलेजों से 176 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। निबंध लेखन में 40 कॉलेजों से 64 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने बताया कि महाविद्यालय से डॉ. निधि अंग्रेजी विभाग, प्रो. इश गर्ग रसायन विभाग व प्रो. अंजली गुप्ता पर्यावरण विभाग से पोस्टर मेकिंग में एवं डा. विनय वाधवा अंग्रेजी विभाग, प्रो.वंदना अंग्रेजी विभाग एवं प्रो. रेखा शर्मा अंग्रेजी विभाग ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।

पोस्टर मेकिंग :

आसिमा शबनम : प्रथम, जेबीए सईद कॉलेज फॉर वूमेन, चेन्नई
नेहा शर्मा : द्वितीय, जीडीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पानीपत
पल्लवी : आइबी कॉलेज, पानीपत
मयंक राणा, सीआरए कॉलेज सोनीपत
अलीशा : तिलक राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत
हर्षित गुप्ता : सांत्वना, राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट
याशमीन कौर : सांत्वना, राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा

पोस्टर मेकिंग पेंटिंग प्रतियोगिता में बनाया गया पोस्टर। ● सौजन्य आइबी कॉलेज

निबंध लेखन :

साक्षी : प्रथम, राजकीय कॉलेज फॉर वूमेन, खरखौदा
पारुल : द्वितीय, सीएमके नेशनल पीजी गर्ल्स पीजी कॉलेज, सिरसा
हिमांशी: तृतीय, हिमांशी वत्स, आइबी कॉलेज, पानीपत
उर्वशी : तृतीय, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल
प्राची: सांत्वना, आइबी कॉलेज, पानीपत
ख्वाहिश : सांत्वना, आइबी कॉलेज, पानीपत

ऑनलाइन क्विज में 800 प्रतिभागी हुए शामिल

जासं, पानीपत : कोरोना महामारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आइबी महाविद्यालय की लाइब्रेरी की तरफ से ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि क्विज में विभिन्न प्रांतों के लगभग 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ज्यादातर प्रतिभागी हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व राजस्थान से थे। लगभग 370 प्रतिभागियों ने 80 फीसद से अधिक अंकों से पास हुए। प्राचार्य ने क्विज के सफलतापूर्वक संचालन का श्रेय कॉलेज के लाइब्रेरियन डा. प्रवीण कुमार को दिया।

ई-सर्टिफिकेट डिजिटल माध्यम से पहुंचाया जाएगा

प्रतियोगिता की संयोजिका प्रो.अंजली गुप्ता ने बताया की सभी प्रतिभागियों के ई-सर्टिफिकेट डिजिटल माध्यम से उन तक पहुंचाया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी कॉलेज खुलने के उपरांत उनके महाविद्यालय में भिजवा दी जाएगी। कॉलेज प्रबंध समिति के उप प्रधान अशोक नागपाल व महासचिव लक्ष्मीनारायण मिगलानी ने विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।